## खबर संक्षेप

### शिक्षा में गुणवत्ता के लिए लगाया गया शिविर

**इंद्री।** शहीद उधम सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंद्री और स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल उड़ाना में शिक्षा के क्षेत्र में तीन दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसमें स्ट्रेस फ्री मैनेजमेंट एवं क्लासरूम मैनेजमेंट पर बीबनदीप कौर व प्रैक्टिकल इंप्लीमेंटेशन ऑफ एनईपी 2020 विषय पर रिसोर्स पर्सन अनिल गोयल ने अपना व्याख्यान दिया। इस सेमिनार का आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता और पारदर्शिता लाने के लिए किया गया। जिसमें विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास पर बल दिया गया।



### राजबीर सगवाल बने चौथी बार मंडी के प्रधान

**निगदू।** राजबीर सगवाल को चौथी बार निगदू अनाजमंडी आढ़ती एसोसिएशन का प्रधान चुना गया। मंडी एसोसिएशन के चुनाव के लिए मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन जयपाल सांवत कि अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में पांच सदस्य कमेटी का गठन कर उसे एसोसिएशन के चुनाव का अधिकार दिया गया। इस पांच सदस्यीय कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से पिछली कमेटी को ही दोबारा चुन लिया गया। इसमें राजबीर सगवाल को चौथी बार प्रधान चुना गया। बलदेवराज छाबड़ा को उपप्रधान, राजकुमार कैशियर, सुनील कुमार को सचिव चुना गया।

### अमेजन फ्रेश ने छोटे शहरों में पहुंच बनाई

**करनाल।** अमेजन इंडिया ने अपनी फुल-बास्केट ग्रॉसरी सर्विस अमेजन फ्रेश के देश के 170 से ज्यादा शहरों एवं कस्बों में पहुंचने की घोषणा की है। 2023 की दूसरी तिमाही के मुकाबले 2024 की दूसरी तिमाही में अमेजन फ्रेश ने साल-दर-साल आधार पर शानदार 50 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। इस तेज विस्तार के साथ अमेजन फ्रेश पर सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली श्रेणियों में शामिल हो गया है। अमेजन फ्रेश गीले और सूखे किराने के सामान की एक विस्तृत रेंज प्रदान करता है, जिसमें फल, सब्ज़ियां, दूध और ब्रेड सहित डेयरी, फ्रोजन उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन, बेबी केयर के जुड़े सामान, पर्सनल केयर प्रोडक्ट और पेट सप्लाई शामिल है।

### रोजगार मेले में 51 युवाओं मिली नौकरी

**करनाल।** मंडल रोजगार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि रोजगार कार्यालय परिसर में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में चार नियोजकों ने भाग लिया जिसमें लगभग 122 रिक्तियों के लिए 115 से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया तथा 51 युवाओं का चयन किया गया। 10वीं 12वीं स्नातक व आईटीआई पास युवाओं को वैलनेस एडवाइजर, लाइफ प्लैनिंग ऑफिसर,वेल्डर,फिटर, पेंटर व हेल्पर आदि पदों हेतु युवाओं को नौकरियों के अवसर प्रदान किया। रोजगार अधिकारी ने मेले में आए युवाओं को शुभकामनाएं दी।

## गीता के श्लोकों के उच्चारण और अध्ययन से ही जीवन में स्वाभाविक प्रसन्नता आती है : ज्ञानानंद

# कर्ण नगरी के गीता उत्सव सत्संग में बही भक्ति की बयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से कर्ण नगरी में बुधवार से दिव्य गीता सत्संग उत्सव की शुरूआत की गई। भारतीय सनातन वैदिक नव वर्ष नव सम्वत के अभिनंदन के रूप में यह पांच दिवसीय श्रीमद भगवत गीता सत्संग आयोजन किया जा रहा है। 30 मार्च को 108 कुंडी विराट महायज्ञ किया जाएगा।

प्रथम दिन गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने आर्शीवचनों के आरंभ में गीता जी के 10 ऐसे श्लोकों का उच्चारण करवाया, जिससे भगवान श्री कृष्ण की कृपा मनुष्य पर होती है। इन्हीं श्लोकों का उच्चारण कर अर्जुन भगवान श्री कृष्ण की शरण में आए थे। स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा कि महाभारत से पूर्व भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को अपने विराट स्वरूप के दर्शन करवाए थे। गीता जी के 10 श्लोकों में भगवान से प्रार्थना की गई है और उन्हें प्रणाम किया गया है। ईश्वर के कृपा पात्र बनने के लिए उनसे प्रार्थना की गई है। इन श्लोकों के उच्चारण और अध्ययन से ही जीवन में स्वाभाविक प्रसन्नता आती है। तनाव से मुक्ति मिलती है। इसके बाद स्वामी ज्ञानानंद जी ने भजन करवाते हुए कहा, 'श्री कृष्ण कृपा कर दो ऐसी गीतामय जीवन हो जाए, कर्म भक्ति ज्ञान की त्रिवेणी में तन मन बुद्धि पावन हो जाए।'

स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा कि गीता जीवन जीने की प्रेरणा है, इसे निखारने की प्रेरणा है। जीवन में जीवन से कैसे अधिकतम लाभ ले पाएं और इस जीवनकाल में कैसे अधिकतम लाभ समाज को दे पाए यह प्रेरणा गीता से मिलती है। यह स्पष्ट है कि जीवन अनमोल भी है दुर्लभ भी है। यह भी स्पष्ट है कि जीवन को क्षणभंगुर भी कहा गया है। कौन सा क्षण जीवन का अंतिम हो निश्चित नहीं है। ऐसे उदाहरण हम देखते रहते हैं, हमारे सामने आते हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मेयर रेणु बाला गुप्ता, समाजसेवी पदमसेन गुप्ता, समाजसेवी संजय गुप्ता ने शिरत की। मुख्य यजमान अशोक खुराना, भारत भूषण कपूर और राम अवतार पहुंचे। पावन दीप प्रज्जवलित कर और गीता पूजन से दिव्य गीता सत्संग की शुरूआत की गई। इस अवसर पर बृज गुप्ता, भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर, मेघा भंडारी, संकल्प भंडारी, सुदेश रानी, हरजिंदर लाडी, गौरव खुराना, स्वामी प्रेममूर्ती, शशिपाल मेहता, त्रिलोचन सिंह, कैलाश गुप्ता, भगवान दास अघी, राज गोयल, मोहन लोधी, भूपेंद्र नोतना, जोगिंद्र शर्मा, सुनील गुप्ता, स्वर्णलता कठपाल, नवीन अरोड़ा, राम कुमार गुप्ता, अजय सैनी, देवेंद्र जैन, नवीन बत्तरा, राज बजाज, रजनी प्रोचा, नीटू मान, दीपक शर्मा, सतीश गुप्ता, पारूल बाली व कर्मबीर आदि मौजूद रहे।




### भगवान श्री कृष्ण की दिव्य वाणी है गीता

दिव्य गीता सत्संग में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को गीता जी का संदेश देते हुए स्वामी ज्ञानानंद जी ने कहा कि सबसे पहले जीवन के महत्व को समझें। मनुष्य जीवन निश्चित और निसंदेह दुर्लभ है। शास्त्रों में 84 लाख योनियों का जो एक विषय आता है उसमें जलचर, थलचर और नभचर, इन सबमें अत्यंत विशिष्ट अत्यंत और दुर्लभ मनुष्य जीवन है। जीवन को कैसे अच्छे से जिया जा सके इसकी प्रेरणा श्रीमद्भगवत गीता से मिलती है। श्रीमद्भगवत गीता पावन प्रेरित ग्रंथ है। यह केवल धार्मिक आस्था नहीं है, सत्य भी है। ईश्वर की दिव्य वाणी है।



### स्वामी ज्ञानानंद जी ने देश दुनिया में पहुंचाया गीता जी का संदेश : रेणु बाला गुप्ता

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि स्वामी ज्ञानानंद जी ने श्रीमद्भागवत गीता का संदेश देश दुनिया में घर-घर तक पहुंचाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। स्वामी जी ने जीने की कला का सकारात्मक उर्जा के साथ संदेश दिया है। मेयर ने कहा, मैंने स्वयं अनुभव किया है, किस तरह से गीता जी से साथ जुडक़र धैर्य रखकर कर्म करते रहना चाहिए। भगवान के आदेशों की पालना करनी है। महाभारत से जीवन नहीं चलता। कर्म सकारात्मक उर्जा करने के साथ करने हैं तभी जीवन सफल होगा और भगवान का आशीर्वाद मिलेगा।

## करनाल से होगा हिंदू राष्ट्र के अभियान का आगाज : स्वामी

- जल्द ही भारत की सांसद और विधानसभाओं में महर्षि वेद व्यास की प्रतिमा लगेगी
- सौ कुण्डीय यज्ञ के साथ होगा नए संवत का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा है कि करनाल की धरा से भारत को सनातन हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए अभियान का शंखनाद होगा। उन्होंने इससे पहले जरूरी है कि सनातन धर्म का भाव लोगों के दिलों तक पहुंचे। इस अभियान की शुरूआत संवत के पहले दिन पर करनाल से होगी। वह आज खास बात कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि पांच दिवसीय श्री गीता ज्ञान आज सुबह शूरू हो गया। तीस मार्च को सौ कुंडीय यज्ञ के साथ नए संवत का आगाज होगा। उन्होंने बताया कि श्री गीता के ज्ञान के अनुसार यदि सभी अपनी जीवन जीएं तो संसार सुखी हो सकता हैं। उन्होंने कहा कि घर घर गीता के अभियान के चलते आज देश भर में लोगों के दिलों तक श्री गीता में दी गई लाइफ स्टाइल पहुंच रही है। एक सवाल के जबाब में स्वामी जी ने कहा कि धीरे धीरे देश बदल रहा हैं। सरकार अब दूसरे देशों में श्री गीता उत्सव मना रही हैं। विशिष्ट जनों को उपहार में श्री गीता दी जा रही हैं। भारतीय दर्शन का डंका पूरे विश्व में बज रहा हैं। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत में संसद और विधानसभाओं में महर्षि वेद व्यास की प्रतिमा प्रतिष्ठित होगी। उन्होंने कहा कि हिंदू के विराट स्वरूप के दर्शन महाकुंभ में सारे संसार ने किए। आज पूरे संसार में भारतीय सनातन की ध्वज पताका फहरा रही हैं। हमारा देश जल्द विश्व गुरू बनेगा। समूचा देश भारत की तरफ देख रहा ळैं। संार की सभी समस्याओं का हल भारत के दर्शन और सनातन में हैं। सनातन धर्म ने दिलों को जीता हैं। सनातन के स्वर लोगों के दिलो में उतर जाते हैं। आज भी भगवान कृष्ण और भगवान राम के आदर्श प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर ब्रज गुप्ता, शाम अरोड़ा, नवीन बत्रा, सहित विभिन्न जन मौजूद थे।

## प्रीतपाल सिंह पन्नू को वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड ने एशिया पैसिफिक का वाइस प्रेसिडेंट नामित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू का वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस इंग्लैंड ने एशिया पैसिफिक का वाईस प्रेसिडेंट के रूप में नामांकन किया है। विश्व भर में अलग अलग क्षेत्रों में महत्वपूर्ण ऐसी उपलब्धियों जिसका कोई सानी न हो को विश्व रिकॉर्ड के रूप में दुनिया के सामने लानी वाली इंग्लैंड की ऑर्गेनाइजेशन वल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस के प्रेसिडेंट आर हैनरी की और से जारी नियुक्ति पत्र और सम्मान सर्टिफिकेट को करनाल में निफा टीम की उपस्थिति में प्रीतपाल सिंह पन्नू को सौंपा गया। वल्ड रिकॉर्ड संस्था की सेंट्रल कमेटी के वाईस प्रेसिडेंट संजय पंजवानी ने यह प्रमाण पत्र प्रीतपाल सिंह पन्नू को देते हुए उम्मीद जाहिर की कि उनके आने से न केवल भारत बल्कि पूरे एशिया में विश्व रिकॉर्ड बाने के उद्देश्य से होने वाली गतिविधियों को रिकॉर्ड करने और सम्मान देने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। इस नई नियुक्ति को एक नई जिम्मेदारी मानते हुए प्रीतपाल सिंह पन्नु ने वल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस के प्रेसिडेंट आर हैनरी और वाईस प्रेसिडेंट संजय पंजवानी का आभार व्यक्त किया। निफा संयोजक एडवोकेट नरेश बराना, वरिष्ठ सलाहकार परमिंदर पाल सिंह, उपाध्यक्ष परमजीत सिंह आहूजा, सह सचिव जसविंदर सिंह बेदी, जिला सचिव हितेश गुप्ता, सिटी प्रधान मनिंदर सिंह और जिला कार्यकारिणी से मुकुल गुप्ता ने इस नियुक्ति को न केवल प्रीतपाल सिंह पन्नु बल्कि पूरे निफा परिवार और करनाल के लिए खुशी और गर्व का पल बताया।

### सरकारी स्कूलों में चलेगा प्रवेश उत्सव : उत्तम सिंह

**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार जिले के सभी सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 'प्रवेश उत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 23 मार्च से शुरु हो चुका है व आगामी 30 अप्रैल तक चलेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश कुमारी ने बताया कि डीसी उत्तम सिंह के दिशा-निर्देशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुपालन में पूर्व प्राथमिक से 18 वर्ष तक के सभी बच्चों को शिक्षा से जोडऩा का कार्य पूरी सक्रियता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एनईपी-2020 में 2030 तक 100 प्रतिशत नामांकन और उच्चतर शिक्षा में नामांकन दर को 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल का रिजल्ट देख खिले छात्रों के चेहरे

- प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी




गीता मॉडर्न सीनियर सकैंडरी स्कूल तरावड़ी का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। नर्सरी कक्षा से लेकर नौंवी और ग्यारहवीं कक्षा के बच्चों का रिजल्ट बताया गया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में अच्छे अंक पाने वाले पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले मेधावी बच्चों को स्कूल के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य रागिनी राय ने स्मृति चिन्ह और रिपोर्ट कार्ड देकर सम्मानित किया। स्कूली बच्चों के अभिभावक भी बच्चों का परीक्षा परिणाम सुनने पहुंचे। स्कूली बच्चों द्वारा ही धार्मिक धुन के बीच तिलक लगाकर भव्य तरीके से अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों का स्वागत हुआ। परीक्षा परिणाम सुनकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकती थी। हर कोई अपना वार्षिक रिपोर्ट रिकार्ड अभिभावकों को दिखाकर खुश होता नजर आया। स्कूल के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी ने स्कूल के सभी बच्चों का हौंसला बढ़ाया और अगली कक्षा में ओर ज्यादा बेहतर तरीके से मेहनत कर ज्यादा अंक लाने के लिए प्रेरित किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।



### ब्लाक में बेस्ट टीचर अवार्ड से महालक्ष्मी सम्मानित

**नीलोखेड़ी।** ब्लाक से रायपुर रोडान राजकीय प्राथमिक पाठशाला की अध्यापिका नीलोखेड़ी अनाजमंडी के प्रधान बलबीर शर्मा की पुत्रवधू महालक्ष्मी को करनाल पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय बेस्ट टीचर अवार्ड समारोह के दौरान बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया।अध्यापिका को यह अवार्ड उनके द्वारा शिक्षित बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर मिला जिसमें अध्यापिका का बच्चों के प्रति लगाव तथा कक्षा-कक्ष में प्रिंट रिच वातावरण विशेष सराहनीय रहे।इस बारे अध्यापिका महालक्ष्मी ने बताया कि बी ई ओ सतपाल बग्गा का निरंतर कक्षाओं का निरीक्षण करना शिक्षा की विभिन्न नवीनतम नीतियों से शिक्षकों छात्र छात्राओं को अवगत कराना सर्वोपरि है।उन्होंने कहा कि वे भविष्य में बच्चों के विकास के लिए और अधिक प्रयासरत रहेंगी।शहर से लक्ष्य जनहित सोसाइटी के प्रधान हरविंदर शर्मा,बक्शी ब्राह्मण सभा के संरक्षक संजीव बक्शी,वार्ड 3 के पार्षद सुखविंदर कैनवाल ने अध्यापिका की सराहना कर इसे शहर के लिए गर्व की बात कहा।मौके पर डी ई ओ रोहतास वर्मा,डी पी सी ज्योत्सना मिश्रा सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## वार्ड और गांवों में चलेगा नशे के खिलाफ नमक-लोटा अभियान

- जिलों के एनडीपीएस नोडल अधिकारी पहुंचे निचले स्तर तक, नशें संबंधित हरियाणा का डेटाबेस करेंगे तैयार
- 2025 में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए जन आंदोलन की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



प्रदेश को नशा मुक्त बनाने और नशा तस्करों और उनके नेक्सस को तोड़ने को लेकर हरियाणा एनसीबी प्रमुख पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण हरियाणा एनसीबी विभाग की हरियाणा पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन पंचकूला सैक्टर 6 में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में इस वर्ष प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए व नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए सभी नोडल अधिकारियों व एनसीबी हरियाणा के अधिकारियों व इंचार्ज को दिशा निर्देश दिए गए। नशे को खत्म करने के लिए जन आंदोलन तैयार करने की ज़रूरत है। मीटिंग में पुलिस महानिदेशक ने आदतन नशा तस्करों की नजरबंदी, एनडीपीएस मामलों मे रिकवरी, नशा तस्कर की प्रॉपर्टी अटैच करने और कमर्शियल नशे के मामलों को बढ़ाने के लिए सभी जिलों के संबंधित नोडल अधिकारियों, थाना अध्यक्षों और हरियाणा एनसीबी के इकाई प्रभारियों को कार्रवाई करने के लिए कहा गया।



### संवेदना 2 अभियान के तहत किया रक्तदान

**करनाल।** नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) के संवेदना 2 अभियान के तहत आज रक्त दान शिविर का आयोजन करनाल मानव सेवा संघ के हाल में किया गया। निफा द्वारा हरियाणा रोडवेज ड्राइविंग स्कूल करनाल के साथ मिलकर लगाए गए रक्त दान शिविर में ड्राइविंग स्कूल के कुल 42 परीक्षार्थियों ने रक्त दान किया और मानवीय जीवन बचाने की इस मुहिम का हिस्सा बने। शिविर का उद्घाटन करनाल मानव सेवा संघ के प्रमुख स्वामी प्रेम मूर्ति, हरियाणा रोडवेज ड्राइविंग स्कूल के पदाधिकारी दविंदर कुमार, विनोद कुमार, अशोक अरोड़ा, निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू, वरिष्ठ सलाहकार भूपिंदर सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राजीव नटराज, सचिव हितेश गुप्ता ने रक्त दाताओं को बैच लगाकर किया। उन्होंने सभी रक्त दाताओं को एक विशेष सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया जिस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, ऊधम सिंह, अशफाक उल्ला ख़ान, परमवीर चक्र अब्दुल हामिद, निर्मलजीत सिंह सेखों, कप्तान विक्रम बत्रा, जयंत ऋषि व जी एस ढींडसा के परिवार जनों के हस्ताक्षर हैं।

## निजी फीडर में जोड़ा दूसरा कनेक्शन फॉल्ट होने से हो रही बिजली गुल

- केंद्रीय मंत्री,सीएम और बिजली अधिकारियों को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

एक चावल मिल मालिक ने अपनी मिल की सुविधा के लिए लाखों रुपए खर्च कर बिजली विभाग से अपना निजी बिजली का फीडर लगवाया था कि मिल की बिजली निर्बाध रूप से संचालित होती रहे। मगर बिजली विभाग ने चावल मिल के लिए निजी फीडर तो लगा दिया मगर उसे फीडर पर किसी और को लाभ पहुंचाने के लिए किसी और मिल का कनेक्शन भी जोड़ दिया। लेकिन अब भारी भरकम रकम खर्च कर खुद का फीडर लगवाने वाले मिल मालिक के लिए बड़ी मुसीबत यह खड़ी हो गई है की दूसरी मिल में कोई फाल्ट आने पर उनकी मिल की बिजली बाधित हो रही है। हालांकि यह कारनामा नीलोखेड़ी बिजली विभाग ने किया है मगर नीलोखेड़ी बिजली विभाग का कहना है कि एक निजी फीडर पर पांच कनेक्शन भी जुड़ सकते हैं। नीलोखेड़ी विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए विनीत बंसल ने कहा है कि बिजली विभाग द्वारा उनके निजी फील्ड से गैर कानूनी रूप से जोड़े गए कनेक्शन को हटाकर उनके पावर हाउस और बिलिंग एक स्थान पर किया जाए। निजी फीडर लगवाने में उन्होंने करीब 45 लाख रुपए खर्च किए ताकि उनकी मिल को बिजली आपूर्ति में कोई बाधा ना पहुंचे।

### आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद : एसडीओ

वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग नीलोखेड़ी के एसडीओ परविंदर कौशल ने कहा है कि एक निजी फीडर पर पांच कनेक्शन जोडने का प्रावधान है। जिस दूसरी मिल का जो कनेक्शन इस निजी फीडर से जोड़ा गया है। उसकी अप्रूवल बड़े अधिकारियों से पहले ही मिली हुई है। इसलिए उन पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि लेकिन अगले माह उन्होंने तरावड़ी और नीलोखेड़ी के बिजली अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्णय लिया है की जीवी राइस एक्सपोर्ट के पावर हाउस और बिलिंग दोनों ही नीलोखेड़ी में शिफ्ट कर दी जाएगी ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े।

## कार्यक्रम में स्टार्टअप पर विचारों का हुआ आदान-प्रदान : डॉ. रेखा

# छात्रों को बिजनेस शुरू करने के लिए किया प्रेरित

- पं. चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में 'आईडिया कृति 7.0 का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



विद्यार्थियों को अपने खुद की स्टार्टअप कंपनी स्थापित करने तथा स्टार्टअप की दुनिया में नए आयाम स्थापित करने के उद्देश्य से पं. चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में स्थित स्टार्टअप इनक्यूबेटर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में स्टार्टअप इनक्यूबेटर के 7वां संस्करण के अंतर्गत 7 दिवसीय विशेष इवेंट आइडिया कृति 7.0 कार्यशाला का विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धाओं का युग है, हर कोई व्यक्ति उंचाईयों को छूना चाहता है। इसके लिए पढ़ाई करना जरूरी है तथा साथ ही ऐसी कार्यशालाओं में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए क्योकि ऐसी कार्यशालाओं में अपने खुद का व्यापार स्थापित करने के उद्देश्य से नई-नई तकनीकों की जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप इनक्यूबेटर की शुरुआत 2019 में हुई थी और तब से यह कॉलेज के छात्रों को अपनी खुद की स्टार्टअप कंपनी स्थापित करने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस प्लेटफार्म पर कई छात्रों ने अपने विचारों को साकार किया है और बहुत से छात्र इसके माध्यम से अच्छा मुनाफा भी कमा रहे हैं। इस 7 दिवसीय कार्यशाला में 45 छात्र शामिल हुए, इनमें से 12 छात्रों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस मौके पर स्टार्टअप इनक्यूबेटर के सेंटर हेड डॉ. सुन्नत ग्रोवर और मुस्कान मिन्हास द्वारा छात्रों का उद्यमशीलता पर मार्गदर्शन किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थें।

### व्यापार की मूलभूत अवधारणाओं से अवगत कराया

कार्यशाला में स्टार्टअप इनक्यूबेटर के सेंटर हेड डॉ. सुन्नत ग्रोवर ने बताया कि इस 7 दिवसीय कार्यशाला में छात्रों को व्यापार की मूलभूत अवधारणाओं से अवगत कराया गया है। प्रत्येक दिन कार्यशाला में छात्रों को नए-नए विषयों पर जानकारी दी गई है कि वें स्टार्टअप की दुनिया में कैसे अपनी खुद की कंपनी स्थापित कर सकतें है। इस कार्यशाला में अभिनव बठला द्वारा समस्या कथन सत्र, डॉ. पीपी अत्रेजा ने मूल्य प्रस्ताव सत्र, अभिनव अरोड़ा द्वारा बाजार अवसर सत्र, मोहित काम्बोज द्वारा बिजनेस मॉडल के नवास सत्र, मनमोहन सिंह द्वारा प्रभावी कहानी सत्र विषय पर जानकारी दी गई जबकि डॉ. सुभाष चंद्र और मैडम अंजली ग्रोवर द्वारा स्टार्टअप आइडिया प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से विचार साझा किए गए।

## खबर संक्षेप

### गांव छिछड़ाना से युवती लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव छिछड़ाना से 22 वर्षीय युवती रात को अपने कमरे से गायब हो गई। परिवार लड़की की शादी के लिए लड़का देखा जा रहा था। सुबह परिवार को युवती गायब मिली। परिजनों की शिकायत के आधार पर उरलाना कलां पुलिस चौकी ने लडकी की गुमशुदी का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### बालक- बालिका कबड्डी ट्रायल पांच अप्रैल से

**पानीपत।** एम्चयोर कबड्डी एसोसिएशन जिला पानीपत में जिला स्तरीय बालक- बालिका कबड्डी ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है, जो स्टेट प्रतियोगिता चौधरी चरण सिंह भवन गांव बंजारी पलवल में 5 व 6 अप्रैल को चयन होगा। यह जानकारी जिला कबड्डी संगठन के प्रधान कृष्ण लाल पंवार, महासचिव दीपेंद्र मलिक,अध्यक्ष धर्मवीर मलिक, सदस्य शेरनी मलिक व टीटू शर्मा ने देते हुए बताया कि ट्रायल के माध्यम से पानीपत टीम का चयन होगा।

### आईबी कॉलेज का करण मित्तल प्रथम रहा

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग में एमकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रो. राजेश बाला के निर्देशन में करिकुलम विटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम करण मित्तल, द्वितीय ऋतिक व तृतीय स्थान मुस्कान ने प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार लावण्या को मिला।

### इसराना की नई अनाज मंडी का निरीक्षण किया

**इसराना।** इसराना उपमंडल अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने इसराना की नई अनाज मंडी का निरीक्षण कर अधिकारियों को मंडी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने की निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। मंडी में एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी।

### बाजारों से अतिक्रमण हटवाया जाएगा

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया निर्देश दिए कि बाजारों में अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए वे ज्यादा से ज्यादा प्रयास करें। जहां पर पुलिस की आवश्यकता है मांग करें। वहीं, शहर में कहीं पर भी अतिक्रमण नजर नहीं आना चाहिए। जहां लाइटें नहीं हैं वहां लाइटों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें व शहर को साफ सुथरा करना सुनिश्चित करें। बैठक में शिक्षा विभाग, यूएचबीवीएन, एनएचएआई, एनएफएल, हैल्थ, वन विभाग, सिंचाई विभाग, एचएसआईडीसी के अलावा दर्जन से ज्यादा विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### लोक विधा फोटोग्राफी पर ट्रेनिंग कार्यक्रम 28 को

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में शुक्रवार को फोटोग्राफी क्लब द्वारा ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ महासिंह पूनिया शिरकत करेंगे और इस ट्रेनिंग कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और ट्रेनर रणबीर फोगाट रहेंगे।

### विद्यार्थियों ने किया मनाली का शैक्षणिक भ्रमण

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए मनाली के लिए भ्रमण का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने हिडिम्बा मंदिर, वशिष्ठ मंदिर, सोलंग घाटी और मणिकरण का दौरा किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्रीय पौधों की विविधता और अनुकूलन का अध्ययन करना था। देवदार, रोडोडेंड्रोन आर्बोरियम, पिनस रॉक्सबर्गी और अन्य पौधों सहित विभिन्न प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया गया। टीम ने स्थानीय उपचारों में उपयोग किए जाने वाले उच्च ऊंचाई वाले वनस्पतियों और औषधीय पौधों का अवलोकन किया। इस भ्रमण ने हिमालयी वनस्पतियों के बारे में हमारी समझ को बढ़ाया, जिससे वनस्पति अनुसंधान और संरक्षण प्रयासों में योगदान मिला।

## एसडी कॉलेज में सॉन्ग महोत्सव का 28 से शुभारंभ

# उत्तर भारत की प्राचीन संस्कृति है सॉन्ग : डॉ. अनुपम अरोड़ा

कार्यक्रम में वेद प्रकाश अत्री व रामशरण सांगी एंड पार्टी अपने सांगों की प्रस्तुति देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कालेज के प्राचार्य डा. अनुपत अरोड़ा व ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए।

- हरियाणा कला परिषद् व दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट कर रहे है आयोजन
- कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार महिपाल ढांडा करेंगे

एसडी पीजी कालेज में हरियाणवी लोक कला एवं संस्कृति के प्रसार-प्रचार में प्रदेश की अग्रणी संस्था दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पानीपत तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आने वाली 28, 29 व 30 मार्च को प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से तीन दिवसीय सॉन्ग महोत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम में वेद प्रकाश अत्री व रामशरण सांगी एंड पार्टी ने अपने सांगों की प्रस्तुति देंगे। मंच संचालन गुलाब पांचाल व डा.संतोष कुमारी करेंगे। यह जानकारी दादा लख्मीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा एवं कालेज प्राचार्य डा. अनुपम अरोड़ा ने सांझा प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देते हुए बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के निदेशक एवं ओएसडी मुख्यमंत्री हरियाणा गजेंद्र फोगाट मुख्य भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार महिपाल ढांडा करेंगे। पानीपत की नवनियुक्त मेयर कोमल सैनी, करनाल मेयर रेणु बाला गुप्ता, दुष्यंत भट्ट भाजपा जिला अध्यक्ष, गजेंद्र सलूजा अध्यक्ष करनाल लोकसभा निगरानी समिति एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा पानीपत, राजेश कुमार प्रांत प्रचारक आरएसएस, दिनेश गोयल प्रधान एसडी कालेज प्रबंधकारिणी, धर्मवीर पाढ़ा प्रख्यात समाजसेवी, मनोज जगलान समाजसेवी, राजेश सिंगला समाजसेवी करनाल, राजेश शर्मा समाजसेवी एवं ब्राह्मण सभा नेता मोना शर्मा, सतीश शर्मा प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारेगें। महंत बेबी शर्मा किन्नर डेरा पानीपत एवं चेला महंत नैना संत परशुराम कार्यक्रम में अपना आशीर्वाद देने विशेष रूप से पहुंचेंगे। इस अवसर पर सुरेश शर्मा, पवन धीमान, मास्टर कंवर भान, कुलदीप रोहिल्ला, मांगेराम, रामलाल, कमलेश पालीवाल, धर्मवीर आदि मौजूद रहे।

### नकली बीज व कीटनाशक बेचना अपराध

**पानीपत।** पानीपत के मडलौडा, बापौली और समालखा के बीज और कीटनाशक एवं उर्वरक से सभी संबंधित डीलरों की बैठक कृषि विभाग के उप निदेशक डा.आत्मा राम गोदारा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। डीलरों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे अपने लाइसेंस को सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शित करें, ताकि उपभोक्ताओं और संबंधित अधिकारियों को उनके व्यवसाय की वैधता का प्रमाण उपलब्ध हो सके। जबकि उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुहाड़ ने बताया कि नकली, मिलावटी बीज और कीटनाशक बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

### प्रशासन ने जनसुनवाई की

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ये समाधान शिविर उत्तम व लाभदायी साबित हो रहे हैं। आम व्यक्ति की नजर में प्रशासन की छवि रचनात्मक व सर्जनात्मक बनी है जिससे आम व्यक्ति की समस्याओं का समाधान बेहतर तरीके से हो रहा है। प्रशासन की बेहतर छवि की बदौलत यह समाधान शिविर आम जन की समस्याओं के समाधान का वाहक बनता जा रहा है। हमें अपने पर गर्व है कि हम लोगों की समस्याओं का कम से कम समय में समाधान कर रहे हैं।



पानीपत। एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता अतिथि को पौधा देकर सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## आर्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने पोक्सो एक्ट का ज्ञान लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का छठा दिन का आयोजन कौशल विकास और प्रेरणदायिक फिल्म श्रीकांत पर केंद्रित था। शिविर में यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय के अंतर्गत प्रातःकालीन स्तर में विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक फिल्म श्रीकांत की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। साथ ही सांयकालीन सत्र में बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट व स्किल डेवलपमेंट जैसे गंभीर विषयों पर जागरूक करने के लिए विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। वहीं वास्तुकुल इनोवैशन अकादेमी के प्रशिक्षक धर्मेन्द्र कुमार व कम्यूनिटी स्ट्रैटिजिस्ट प्रदीप कुमार व साथ ही एमडीडी इंडिया फाउंडेशन के जिला प्रबंधक संजय कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो. विवेक गुप्ता व डा. मनीषा डुडेजा को बधाई दी। सांयकालीन सत्र में स्टार्टअप व कौशल विकास पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें वास्तुकुल अकादेमी से कम्युनिटी स्ट्रेटेजिस्ट प्रदीप कुमार व धर्मेन्द्र कुमार ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

## मिस्टर हारियाणा बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 30 मार्च को

- चैंम्पियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रमोद विज व इसके पुत्र राहुल विज शिरकत करेगे
- विजेताओं को बाइक, तीन लाख रुपये की नगदी, ट्रॉफी, मेडल आदि से पुरस्कृत किया जाएगा
- पानीपत बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के प्रधान शशि कपूर ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। नार्थ इंडिया बॉडी बिल्डिंग एसो के जनरल सेक्टरी शेरू उस्ताद व शशि कपूर प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पानीपत बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन व फिगर फिट जिम द्वारा 30 मार्च की शाम को लॉयन बैंकट हाल निकट हाली पार्क में 48वीं मिस्टर हारियाणा बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। यह जानकारी नार्थ इंडिया बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्टरी शेरू उस्ताद, पानीपत बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के प्रधान शशि कपूर ने प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि चैंम्पियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रमोद विज व इसके पुत्र राहुल विज शिरकत करेगे। जबकि भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, भाजपा नेता संजय अग्रवाल व भाजपा के पार्षदगण भी प्रतियोगियों का हौंसला बढ़ाएंगे। उन्होंने बताया कि विजेताओं को मोटरसाइकिल, तीन लाख रुपये की नगदी, ट्रॉफी, मेडल आदि से पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर समाजसेवी राहुल सेठी, हैप्पी शर्मा, नवीन सैनी, सुधीर यादव, राज पाल सिंह, रविन्द्र यादव, वेद चावला, अजू राणा, सन्नी चौधरी, प्रवीण पाठलान, हेमंत, हैरीक आदि उपस्थित रहे।

## विश्व कल्याण का संदेश देती है सनातन संस्कृति

- भगवा त्रिशुल यात्रा का नवरात्र पर्व में मुरथल आश्रम में होगा पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन आदि का आदि का स्वागत करते हुए श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डा. नवीन नैन भालसी ने बताया कि सनातन संस्कृति और आस्था को जीवंत बनाए रखने के संकल्प के साथ चल रही महासंगम यात्रा श्रद्धालुओं के साथ महाराज दयानन्द सरस्वती महाराज के सान्निध्य में मुरथल आश्रम में होगी। महाराज ने बताया कि यात्रा के इस विशेष पड़ाव में शिवलिंग और भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा का अभिषेक व 120 सिद्ध भगवान भोलेनाथ के त्रिशूलों की पूजा पाठ विधि विधान से किया जाता है। अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि महासंगम यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार और भारत के मंदिरों को आधुनिक युग के साथ जोड़ने का एक महान संकल्प है। यात्रा युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रही है। आज के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल युग में सनातन संस्कृति और भारतीय परंपराओं को नई तकनीकों के साथ जोड़ना समय की मांग है। महासंगम यात्रा का उद्देश्य प्राचीन मंदिरों और तीर्थ स्थलों को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं, डिजिटल बुकिंग सिस्टम और ऑनलाइन धार्मिक सेवाओं से जोड़ना है। जिससें श्रद्धालुओं को सरल और सुविधाजनक अनुभव मिल सके। आईएमपीसी के नेतृत्व में यह यात्रा युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बन रही है।

**महत्वपूर्ण कदम**

यात्रा केवल धार्मिक स्थलों का भ्रमण नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति को आधुनिक युग के अनुरूप ढालने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। महासंगम यात्रा का हर पड़ाव भारतीय संस्कृति के गौरव को पुनः स्थापित करने और मंदिरों को सशक्त धार्मिक केंद्रों में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हयूमन सहकारी समिति पर सरकार की लिक्विडेशन कार्रवाई शुरू

- लाखों जमा कर्ताओं को पैसे वापिसी की उम्मीद जागी



आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर।

**समालखा।** हरियाणा प्रदेश के लाखों गरीब जमा कर्ताओं से हजार करोड़ रुपये की ठगी कर भागने वाली हयूमन वेल्फेयर क्रेडिट एन्ड थ्रिफ्ट को ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड से जमा कर्ताओं को रुपया वापिस दिलवाने के लिये केंद्र सरकार ने कार्रवाई शुरु कर दी है। इससे लाखों जमा कर्ताओं को पैसे वापिसी की उम्मीद जागी है। सोसाइटी की ठगी के शिकार जमा कर्ताओं व एजेंटों को न्याय दिलाने के लिये संघर्षरत आरटीआई एक्टिविस्ट कॉमरेड पीपी कपूर ने बताया कि सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के तहत सेंट्रल रजिस्ट्रार रबिन्द्रा अग्रवाल ने हयूमन सोसाइटी के लिक्विडेशन की कार्रवाई शुरु कर दी है। वहीं, ठगी के शिकार हुए सभी जमा कर्ताओं को अब लिक्विडेटर एवं पूर्वी दिल्ली के डीसी के पास लिखित तौर पर अपनी शिकायत रसीदों,सबूतों सहित दर्ज करानी होगी। लिक्विडेशन स्कीम के तहत हयूमन सोसाइटी की चल-अचल सभी सम्पतियों को नीलाम करके जमा कर्ताओं का रुपया वापिस दिलवाना होगा।

*चार दिन बीतने के बाद पेड़ काटने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई*

## मतलौडा गांव में 400 साल पुराना बरगद का पेड़ काटा

- जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



पानीपत। गांव मतलौडा में 400 साल पुराना कटा पड़ा बरगद का पेड़ देखते हुए शिकायकर्ता बलबीर सिंह।

पानीपत के गांव मतलौडा में पंजाबी धर्मशाला के पीछे पीर बाबा की मजार के पास तालाब किनारे 400 वर्ष पुराने बरगद के पेड़ को गांव मतलौडा के प्रोपर्टी डीलरों ने कटवा दिया है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

ग्रामीण बलबीर सिंह पुत्र रामजी लाल ने इसकी शिकायत जिला कष्ट निवारण कमेटी की बैठक में पहुंचे मंत्री कृष्ण बेदी को दी है। चार दिन बीतने के बाद पेड़ काटने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि गांव मतलौडा में तालाब के किनारे 400 साल पुराना बरगद का पेड़ खड़ा था। जिसमें चार एकड़ जमीन में अवैध कालोनी काटने में रोडा बने बरगद के पेड़ को बिना वन विभाग व ग्राम पंचायत की अनुमति के बिना काट दिया।

एक साल पहले वन विभाग की टीम गांव मतलौडा में बरगद के पेड़ के तने की परिधि को मापा था जिसमें बरगद का पेड़ चार सौ साल पुराना बताया गया है जो हमारी धरोहर है।

### अवैध खनन की 17 शिकायतें मिली

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स (माईनिंग) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया दहिया ने कहा कि जिले में अवैध माईनिंग पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए और प्रयास करने होंगे। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध माइनिंग को रोकने के लिए जो टीमें गठित की गई हैं। सावधानी पूर्वक निगरानी बरतनी चाहिए। जहां-जहां अवैध माइनिंग की सम्भावनाएं नजर आती है तत्काल कार्यवाही करनी चाहिए। 17 शिकायतें माइनिंग को लेकर प्राप्त हुई हैं।

**न्यायालय तहसीलदार -कम- सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**बलबीर पुत्र स्व. श्री चन्द्र सिंह निवासी गाँव माहरा तहसील गोहाना जिता सोनीपत बिस्वेदार विकास नगर खेडी नागंल पानीपत, तहसील व जिला पानीपत हरियाणा।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक।**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि बलबीर पुत्र स्व. श्री चन्द्र सिंह निवासी गाँव माहरा तहसील गोहाना जिला सोनीपत बिस्वेदार विकास नगर खेडी नागंल पानीपत, तहसील व जिला पानीपत हरियाणा ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यलय में पेश किया है। जिसमे की स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व. श्री चन्द्र सिंह पुत्र श्री हरीराम का स्वर्गवास दिनाक 27/03/2014 को हो चूका है व प्रार्थी की माता यानि कि मृतक की पत्नी श्रीमति धर्मो का स्वर्गवास दिनांक 31/01/2013 हमारे पिता की मृत्यु से पहले हो चूका है। सुनील नम्बरदार गाँव माहरा व हल्का पटवारी माहरा ने भी अपनी रिपोर्ट में निम्न वारसान की तसदीक की है। अब प्रार्थी के पिता की मृत्यु के बाद उनके जायज वारिस निम्न प्रकार हैः-

1. श्री बलबीर सिंह 2. संजय 3. कपूर सिंह 4. राजेश पुत्रगण 5. श्रीमति कृष्णा 6. सरोज सुपुत्रीयान स्व. श्री चन्द्र सिंह पुत्र श्री हरीराम है। जो कि कुल 6 ही जायज वारिस है।

इनके अलावा मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध मे प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इसतहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के द्वारा उपरोक्त बत्ताए गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो बह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस इस्तहार / नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर उपरोक्त कार्यलय में किसी भी कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज को पंजीकृत कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 26.03.2025 न्यायलय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

**शिविर** — रक्तदान करना हर स्वस्थ्य युवा का कर्तव्य : महिपाल ढांडा

*गंभीर रोगों जैसे हृदय घात, शुगर, रक्तचाप, मोटापा आदि रोगों से बचाव होता है*

# रक्तदाता भगवान का स्वरूप, दान में मिले रक्त से रोगियों व घायलों की बचाई जा सकती है जान

- गांव वालों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत





पानीपत। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को स्मृति चिंह भेंट करते हुए डॉ. भूपेंद्र कादयान व डॉ. मनीषा मान कादयान आदि व मेयर कोमल सैनी का स्वागत करते हुए डॉ. भूपेंद्र कादयान व डॉ. मनीषा मान कादयान आदि। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि रक्तदाता भगवान का स्वरूप है। दान में मिले रक्त से रोगियों व घायलों की जान बचाई जाती है। वहीं यह सेवा पूरी तरह के मानव द्वारा दिए गए रक्तदान पर निर्भर है। इसके मद्देनजर हर स्वस्थ्य युवा का कर्तव्य है कि वह रक्तदान करें और अपने दोस्तों, रिश्तेदारों, सहपाठियों, कालोनी निवासियों, गांव वालों को भी रक्तदान के प्रति जागरूक करें। मंत्री ढांडा, हैल्पेज ऑर्फन्स द्वारा शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर किडनी हॉस्पिटल में 18 वें रक्तदान महाशिविर में रक्तदानियों का हौंसला बढ़ाते हुए संबोधन कर रहे थे।

**शरीर स्वस्थ्य रहता है**

रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ्य रहता है और गंभीर रोगों जैसे हृदय घात, शुगर, रक्तचाप, मोटापा आदि रोगों से बचाव होता है। इस अवसर पर हैल्पेज ऑर्फन्स के संस्थापक मनन सिंगल व किडनी हॉस्पिटल से डॉ. भूपेंद्र कादयान, डॉ. मनीषा मान कादयान व डॉ. शंकर तायल, पानीपत नगर निगम की मेयर कोमल सैनी, कुरुक्षेत्र से सिविल जज सरवप्रीत कौर, भाजपा नेता संजय अग्रवाल, राजीव जैन, डॉ. दीप्ति जैन आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### अग्निवीर की भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित

**अंबाला।** अंबाला कैंट स्थित सेना भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) द्वारा फरवरी माह में आयोजित क्लर्क/स्टोर कीपर (तकनीकी) के लिए अग्निवीर की भर्ती परीक्षा का परिणाम ज्वाइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित कर दिया गया है। जिन उम्मीदवारों का रोल नंबर उपरोक्त परिणाम में प्रकाशित है। दस्तावेजीकरण के लिए 28 मार्च, 2025 को सुबह 09:00 बजे भर्ती कार्यालय (मुख्यालय) अंबाला कैंट में रिपोर्ट करना होगा। उम्मीदवार अपना परिणाम वेबसाइट पर देख सकते हैं।

### बराड़ा: कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार

बराड़ा। साहा पुलिस ने सूचना के आधार पर एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अभिषेक उर्फ कटप्पा एक कमानीदार चाकू के साथ अनाज मंडी गेट साहा के सामने खड़ा है। वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। आरोपी पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा लेकिन टीम ने उसे काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से कमानीदार चाकू बरामद हुआ।

### डेरा बेगमपुरा में विशाल संत समागम 2 को

**बराड़ा।** गांव तंदवाली स्थित डेरा बेगमपुरा में रविदासिया धर्म को समर्पित विशाल संत समागम 2 अप्रैल को होगा। डेरे के गद्दीनशीन श्री 108 संत सोमदास उदासीन ने बताया कि संत श्री बैसाखी दास उदासीन मेमोरियल ट्रस्ट तंदवाली द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में श्री 108 संत मनदीप दास डेरा सिरसगढ़ शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री 108 संत धर्मदास डेरा लाडवा करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 4 बजे अमृतवाणी के पाठ से होगा।

### शुभकामना यज्ञ किया आयोजित

**बराड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के यशस्वी प्रधान एवं पद्मश्री अलंकृत डॉ. पूनम सूरी के जन्मोत्सव के अवसर पर शुभकामना यज्ञ का आयोजन किया गया। विद्यालय के यज्ञशाला में हवन कर प्रधान के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। यज्ञ के ब्रह्मा ने बताया कि डॉ. पूनम सूरी का जन्मदिन पूरे देशभर में डीएवी संस्थानों में यज्ञ के माध्यम से मनाया जा रहा है। प्रिंसिपल सुनीता कपूर ने डॉ. पूनम सूरी द्वारा शिक्षा और समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों की सराहना की।

### एमपीएन कॉलेज में एआई पर व्याख्यान

**बराड़ा।** एमपीएन कॉलेज मुलाना में चल रहे सात दिवसीय कैंप के दूसरे दिन की शुरुआत कार्यक्रम अधिकारी प्रो. जय भगवान के नेतृत्व में योग सत्र से हुई। इसके पश्चात साइबर सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता परविंदर सिंह लांबा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। बुजुर्ग और युवा साइबर ठगी के सबसे बड़े शिकार बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमें अपने बैंक खातों और सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। इस दौरान डॉ. सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि इंटरनेट के इस दौर में साइबर सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा बन चुका है।

### मनमोहन नगर में संकीर्तन कार्यक्रम

**अंबाला।** श्री सालासर खाटू श्याम सेवा सदन द्वारा सद्दोपुर रोड, नज़दीक राधा स्वामी सतसंग भवन, मनमोहन नगर में श्रीमद् भागवत कथा, विशाल मूर्ति स्थापना एवं संकीर्तन कार्यक्रम 3 अप्रैल से रविवार 12 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। यहां पर श्री राम मन्दिर तथा 51 फुट हनुमान की भव्य प्रतिमा आकर्षण का विशेष केंद्र रहेंगे। 10 दिवसीय इस कार्यक्रम में 3 से 9 अप्रैल तक भागवत कथा, 10 अप्रैल को मूर्ति स्थापना, 11 अप्रैल को निशान व शोभा यात्रा तथा 12 अप्रैल 2025 को महा संकीर्तन का आयोजन होगा।

# सेल्फ स्टडी पर फोकस करें छात्र, जीवन की चुनौतियों से निर्भय होकर आगे बढ़ें

## राजकीय आदर्श संस्कृति वमावि में आयोजित जिला स्तरीय मिशन बुनियाद परीक्षा स्तर 3 कार्यक्रम में बोले डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि स्वयं सीखना, स्वयं सिखाना और स्वयं को प्रेरित करना ही सफलता की कुंजी है। किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने व जीवन मे सफल होने के लिए सेल्फ लर्निंग, सेल्फ टीचिंग व सेल्फ मोटिवेशन बहुत जरूरी है। इसलिए जीवन मे लक्ष्य निर्धारित कर उसको पाने के लिए संघर्ष करें और जीवन की हर चुनौतियों से लड़ते हुए आगे बढ़े। डीसी राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबाला शहर मे आयोजित जिला स्तरीय मिशन बुनियाद परीक्षा स्तर 3 कार्यक्रम मे बतौर मुख्यातिथि के रूप पंहुचे थे।

**खास बातें**

- डीसी ने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया
- स्वयं सीखना स्वयं सिखाना और स्वयं को प्रेरित करना ही सफलता की कुंजी

**परिजनों का सम्मान**



अंबाला। बच्चों के परिजनों को सम्मानित करते डीसी अजय सिंह तोमर व अन्य। फोटो: हरिभूमि

**चुनौतियों से लड़ने को तैयार रहें**

इस मौके पर मिशन बुनियाद, सुपर 100 व अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों को उनके जीवन मे आने वाली चुनौतियों से लड़ने के लिए सदैव तैयार रहने व उनसे कैसे लड़ कर जीवन मे आगे बढने को लेकर प्रेरित किया। इससे पहले जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने उपायुक्त का कार्यक्रम मे पंहुचने पर पुष्प गुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया। उपायुक्त ने दीप प्रज्जवल्लित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद व सुपर 100 कार्यक्रम के माध्यम से देश की सबसे बडी अकादमिक परीक्षा नीट, जेईई के लिए तैयारी करवाकर उन्हें उतीर्ण कर विभिन्न क्षेत्रो मे अच्छा करियर सुनिश्चित करना है ताकि यह विद्यार्थी देश और समाज की मुख्य धारा से जुडकर देश को आगे बढ़ाने मे अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

**बच्चों के प्रथम प्रेरक उनके अभिभावक**

बच्चों का प्रथम प्रेरक उनके अभिभावक होते है उसके बाद शिक्षक इसलिए अभिभावकों को अपने बच्चों को समय-समय पर प्रेरित करते रहना चाहिए। उपायुक्त ने इस दौरान अपनी सरकारी स्कूली शिक्षा से लेकर आईएएस बनने तक का सफर का अनुभव सांझा करते हुए विद्यार्थियों को जीवन के हर पड़ाव मे आने वाली चुनौतियों से निर्भय होकर सामना करते हुए आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को शिक्षको द्वारा दी जा रही शिक्षा को पूरी मेहनत और लग्न से पढने के साथ-साथ इसके अलावा सेल्फ स्टडी करने पर जोर दिया।

**शॉल व स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित**

जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि सरकार हरियाणा प्रतिभा खोज योजना के तहत मिशन बुनियाद व सुपर 100 के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र मे तकनीकी ज्ञान मे निपुण बनाकर उनका एक अच्छा करियर सुनिश्चित करने को लेकर कार्य किए जा रहें है। मिशन बुनियाद स्तर-3 की परीक्षा करवाई गई है जिसमें जिले के 277 बच्चों ने परीक्षा दी और 250 बच्चें इसके लिए चयनित किए जाएंगे। मिशन बुनियाद को लेकर 5 सेंटर बनाए गए है जिनमें से बच्चों को अपनी पसंद का केंद्र चुनने का विकल्प दिया जाएगा।

## नगर निगम ऑफिस के पार्क में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनीं

# मेयर शैलजा सचदेवा की ताजपोशी फीकी निगम में बैठने के लिए नहीं मिला ऑफिस

**पूरा शहर ही मेरा ऑफिस, हर रोज शाम पांच बजे तक रहुंगी निगम में**

**सीनियर डिप्टी मेयर के ऑफिस के बाहर कर्मचारी ने मेयर की नेम प्लेट लगाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम की मेयर शैलजा सचदेवा की ताजपोशी पहले दिन ही फीकी हो गई। दरअसल शपथग्रहण के बाद बुधवार को मेयर शैलजा सचदेवा नगर निगम में पदभार ग्रहण करने पहुंची थी। भव्य तरीके से उनका अभिनंदन हुआ। इसके बाद उन्होंने निगम की सभी शाखाओं का मुआयना किया। इतना सब होने के बावजूद निगम की ओर से मेयर के लिए ऑफिस की व्यवस्था नहीं हो पाई।

पूर्व मेयर के इस्तीफे के तुरंत बाद ही उनके ऑफिस में सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा ने अपना डेरा जमा लिया था। निर्वाचित मेयर शैलजा सचदेवा की ताजपोशी के बावजूद अभी तक सीनियर डिप्टी मेयर ने पूर्व मेयर का ऑफिस खाली नहीं किया है। अब मेयर के लिए नए ऑफिस की तलाश हो रही है।

### लगाई नेम प्लेट

मेयर शैलजा सचदेवा के लिए ऑफिस की व्यवस्थाओं के बीच ही निगम की ओर से बुधवार को सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा के ऑफिस के बाहर ही शैलजा सचदेवा की नेम प्लेट लगा दी गई। निगम की इस हरकत के बाद नया विवाद शुरू हो गया। माना जा रहा है कि कि अब मेयर व सीनियर डिप्टी मेयर एक ही ऑफिस में बैठेंगी। हालांकि इस बात को लेकर कोई राजी होने वाला नहीं है। सियासी तौर पर दोनों का अपना रुतबा है।



अंबाला। नगर निगम ऑफिस के बाहर पार्क में लोगों की समस्याएं सुनतीं मेयर शैलजा सचेदवा। फोटो: हरिभूमि

**समाधान के आदेश दिए**

ऑफिस को लेकर मेयर शैलजा सचदेवा ने भी जवाब दिया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को उन्होंने निगम में पदभार ग्रहण कर लिया है। मगर अभी तक उनके ऑफिस की व्यवस्था नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि वैसे तो उन्हें कार्यालय की कोई जरूरत नहीं है। पूरा शहर ही उनका कार्यालय है। उन्होंने निगम के पार्क मे बैठकर लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के समाधान के आदेश दिए गए। मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि शहर के लोगों को राहत पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए वह लगातार लोगों की समस्याएं सुनने के लिए नगर निगम में आती रहेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे वाली मेयर नहीं हैं। वह दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक वाली मेयर हैं। निगम में शाम 3 बजे से शाम 5 बजे तक जनता दरबार लगाएंगी। शाम को निगम अधिकारी भी उपलब्ध रहते हैं।

**पंचकूला में नपा के 16 सदस्यों के साथ अध्यक्ष ने भी पद और निष्ठा की शपथ ली थी**

# बराड़ा: नपा निर्वाचित अध्यक्ष रजत ने संभाला कार्यभार बोले-विकास के मामले में हर वार्ड होगा अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगरपालिका के निर्वाचित अध्यक्ष रजत मलिक ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। मंगलवार को पंचकूला में प्रदेश सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शपथ-ग्रहण समारोह में नपा के 16 सदस्यों के साथ अध्यक्ष रजत मलिक ने भी पद और निष्ठा की शपथ ली थी। संपन्न हुए चुनावों में 6307 मत प्राप्त कर विजयी हुए रजत मलिक ने भाजपा प्रत्याशी हरजिंद्र सिंह को 1993 वोटों के भारी अंतर से पराजित किया था। कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर उन्होंने अपने समर्थकों और सदस्यों के साथ नगर के विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका के 16 वार्डों से सदस्यों ने भी पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के दौरान उनके समर्थकों ने उन्हें बधाई दी और उनका कार्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया। रजत मलिक ने पदभार ग्रहण करने पर लोगों से मिले प्यार व आशीर्वाद को लेकर उनका आभार व्यक्त किया।



कार्यभार संभालने के मौके पर मौजूद अध्यक्ष रजत मलिक व सदस्य।

**करेंगे सामूहिक विकास**

रजत मलिक ने अपने संबोधन में भाजपा की पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान का आभार जताया। कहा कि वह भाजपा की एक वरिष्ठ नेता है। उन्होंने कहा कि किसी भी वार्ड के साथ विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा। आश्वासन दिया कि नगर के विकास, सफाई, जल निकासी और बुनियादी सुविधाओं में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। कार्यभार ग्रहण समारोह में सभी 16 वार्डों के सदस्य भी उपस्थित रहे। इस समारोह के दौरान वार्ड नंबर 1 के पवन कुमार , वार्ड नंबर 2 के अमित कुमार, वार्ड नंबर 3 की दिव्या कपूर, वार्ड नंबर 4 के प्रवेश कुमार, वार्ड नंबर 5 की अर्चना देवी, वार्ड नंबर 6 से शमशेर सिंह, वार्ड नंबर 7 की राजकली, वार्ड नंबर 8 से हरभजन सिंह , वार्ड नंबर 9 से नरिंद्र कौर, 10 नंबर वार्ड से दिग्विजय सिंह, वार्ड संख्या 11 से विजय सिंह, वार्ड नंबर 12 की दीपा सैनी, वार्ड नंबर 13 के साहिल चावला, वार्ड नंबर 14 के संदीप वोहरा, वार्ड नंबर 15 के विजय छाबड़ा व वार्ड नंबर 16 की गुरजिंद्र कौर मौजूद रही।

**दिव्या सबसे कम उम्र की है सदस्य**



2 मार्च को हुए नगरपालिका के चुनावों में वार्ड न. 3 से दिव्या कपूर ने सबसे कम उम्र में सदस्य बनने का गौरव हासिल किया है। मात्र 25 वर्ष की उम्र में चुनी गईं दिव्या कपूर अपनी कड़ी मेहनत और जनसेवा के संकल्प के लिए जानी जाती हैं। 16 वार्डों से चुनें गए सभी सदस्यों में से वह सबसे कम उम्र की हैं।

**वार्ड -8 से हरभजन उम्रदराज सदस्य**



वार्ड नंबर 8 से हरभजन सिंह सबसे अधिक उम्र के सदस्य बनें हैं। 67 वर्ष की उम्र में भी उनकी ऊर्जा और जनता की सेवा का जज्बा देखते ही बनता है। चुनाव में उन्होंने अपने अनुभव और ईमानदार छवि के दम पर शानदार जीत दर्ज की। वर्षों का प्रशासनिक अनुभव और सेवा भावना क्षेत्र के विकास में भूमिका निभाएंगे।

**अंबाला सदर नप की अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने संभाला पद, विज ने दी बधाई**

# प्राथमिकता के आधार पर होगा विकास

- परिवहन मंत्री के मार्गदर्शन में चलते हुए हम सभी को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने बुधवार को नगर परिषद कार्यालय में पदभार संभाल लिया है। इस मौके पर कपिल विज ने नगर परिषद अध्यक्ष को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी। उन्होंने इस मौके पर सभी नवनियुक्त सदस्यों को भी बधाई दी। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने कहा कि परिवहन, ऊर्जा व श्रम मंत्री अनिल विज के विशेष प्रयासों से अंबाला छावनी में अनगिनत विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है। उनके प्रयासों से अंबाला छावनी सुंदर एवं विकसित हुआ है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि परिवहन मंत्री अनिल विज के मार्गदर्शन में चलते हुए हम सभी को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करेंगे। सभी सदस्यों को साथ लेकर वार्डों में जो भी विकास कार्य होंगे। इस मौके पर नगर परिषद कार्यालय में एक समारोह का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी सदस्य मौजूद रहे। निगम के प्रशासक एवं एसडीएम विनेश कुमार ने नगर परिषद अध्यक्ष का स्वागत भी किया। मौके पर ईओ रविंद्र कुमार, सचिव राजेश कुमार, मनदीप सिंह, आजाद सिंह आदि मौजूद रहे।



अंबाला। नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण को गुलदस्ता देते कपिल विज व अन्य।

**संत मोहन सिंह खालसा लबाना कॉलेज में आयोजित हुई एथलेटिक मीट**

# डिस्कस थ्रो स्पर्धा में अनमोल ने बाजी मारी, पलक को मिला दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स तीन दिवसीय एनुअल एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रिले रेस, डिस्कस थ्रो, शॉट पुट थ्रो और ज्वेलिन थ्रो जैसी स्पर्धाएं आयोजित की गईं।

प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को खेलों के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि एथलेटिक्स न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि स्टूडेंटस को जिला, राज्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर भी प्रदान करते हैं। डिस्कस थ्रो के खेल में अनमोल प्रथम, पलक द्वितीय स्थान पर व शीतल सैनी तृतीय रही। ज्वेलियन थ्रो में पलक प्रथम, पलक बीए दूसरे व जश्न कौर तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट थ्रो में पलक प्रथम, जशन द्वितीय, सुरभि तृतीय रही।

रिले रेस में पलक, कनिका, खुशनीत, रितु की टीम प्रथम रही। इसके अलावा महक, मुस्कान, शशि बाला, ज्योति की टीम दूसरे स्थान पर रही तो जसविंदर, अंजलि, कोमल, दीपा की टीम तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक मंडल में डॉ. शशि खुराना, डॉ. दलजीत कौर, डॉ. पूजा बैरागी, मैडम मिन्नी सहित अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



बराड़ा। खिलाडियों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल विज। फोटो: हरिभूमि

### छात्राओं को खुशी के महत्व और जल संरक्षण बारे किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र ने मार्च माह के महत्वपूर्ण दिवसों विश्व खुशी दिवस, विश्व जल दिवस और वीर शहीदी दिवस के अवसर पर एक विशेष ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया। यह सत्र डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें शलिनियों को खुशी के महत्व और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। सत्र में डॉ. सुषमा शर्मा ने विश्व खुशी दिवस के महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया कि खुशी केवल बाहरी उपलब्धियों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह हमारे मन की स्थिति और सोचने के तरीके से जुड़ी होती है। उन्होंने समझाया कि खुशी पाने के लिए हमें आभार व्यक्त करने की आदत डालनी चाहिए, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

**कार्यक्रम** सुखपाल स्कूल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# हेल्दी बेबी नयन, फोटोजेनिक हरजस, एक्टिव में वीर और ब्यूटीफुल हेयरस्टाइल में हरलीन अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

सुखपाल स्कूल उगाला में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों की ग्रेजुएशन सेरेमनी धूमधाम से आयोजित की गई। किंडरगार्टन पास कर प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश करने वाले बच्चों की इस उपलब्धि को सम्मानित करने के लिए विद्यालय प्रांगण में भव्य समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को डिग्री एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई, जिसे प्रधानाचार्य हरपाल सिंह एवं उप प्रधानाचार्या नवदीप कौर ने संपन्न किया। कार्यक्रम में प्लेवे, नर्सरी एवं केजी के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शानदार नृत्य प्रस्तुत किया जबकि नर्सरी के विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकगीत पर नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



बराड़ा। सुखपाल स्कूल उगाला में नन्हे-मुन्ने छात्र ग्रेजुएशन सेरेमनी में सम्मानित।

**टैलेंट हंट में बच्चों ने दिखाया हुनर**

ग्रेजुएशन सेरेमनी के साथ ही नन्हे बच्चों के लिए टैलेंट हंट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें दो से तीन वर्ष की आयु के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों का मंच पर आत्मविश्वास देखने लायक था। हेल्दी बेबी के रूप में नयन को, फोटोजेनिक बेबी पुरस्कार हरजस को, एक्टिव बेबी वीर को, ब्यूटीफुल हेयरस्टाइल हरलीन को, बेस्ट ड्रेस्ड बेबी हरअजीज को, ब्यूटीफुल स्माइल के लिए बृहत को सम्मानित किया गया। विशेष गेम्स का भी आयोजन किया गया।

**डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया हवन यज्ञ**

# हवन में आहुतियां डालकर डॉ. पूनम सूरी के लंबे जीवन की हुई कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण मे प्रथम दिन शुभकामना यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ डीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति एवं आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा, नई दिल्ली के प्रधान डॉ. पूनम सूरी के 77वें जन्म दिवस पर शुभकामना एवं आशीर्वाद देने हेतु आयोजित किया गया। इस यज्ञ में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी व समस्त अध्यापक, अध्यापिकाओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु हेतु यज्ञ की पवित्र अग्नि में आहुतियां डाली। परम पिता परमात्मा से प्रार्थना की। इस अवसर पर डॉ. सूरी ने कहा कि पद्मश्री अलंकृत व आर्य रत्न डॉ पूनम सूरी एक अदिव्तीय प्रतिभा संपन्न व्यक्तित्व के स्वामी है। जिन्होंने अपने परिश्रम एवं अनवरत प्रयासों से डीएवी संस्थाओं में नई उर्जा का संचार किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005